डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 325 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | गुरुवार 12 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया




## गढ़े धन के लालच में 24 लाख गवाएं, दो महिलाओं सहित छह पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गढ़ा धन निकालने के नाम पर एक व्यक्ति से 24 लाख रूपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने दो महिलाओ सहित छह लोगो पर धोखाधड़ी की धाराओ में प्रकरण दर्ज किया है।

सीतामऊ थाना पुलिस ने बताया कि महेश पिता हिरालाल निवासी अरनिया जिला प्रतापगढ़ हालमुकाम झांगरिया के साथ धोखाधड़ी की गई। महेश को नबीनूर पिता सुभान शाह, अख्तर बानो पति नबी नूर, मांगीलाल कुमावत, अकरम पिता फरीद शाह और श्यामलाल तेली निवासी कुचडौद और श्यामलाल की पत्नी तांत्रिक क्रिया के माध्यम से धन वर्षा कराने और घर में गढ़ा धन निकालने का झांसा दिया। इस पूरे खेल में 24 लाख रुपए वसूले गए। पुलिस ने सभी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

# राजस्थान की मंडियों से चायना लहसून की एंट्री

## बार्डर से सटे इलाकों के किसानों-व्यापारियों में आक्रोश



**मंदसौर, 11 सितबर गुरु एक्सप्रेस।** इन दिनो कृषि मंडियों में लहसून का भाव 20-25 हजार रुपए क्विंटल तक पहुंच चुका है। जिसे देखते हुए अगर कहा जाए कि लहसून के दाम आसमान पार हो चुके हैं तो शायद गलत नहीं होगा। मंदसौर के अलावा नीमच और अन्य जगहों की मंडियों में पिछले तीन-चार महीनों से लहसून की आवक भी अच्छी है और किसानो को भाव भी उच्चतम मिल रहे है। यही कारण है कि व्यापारियों व बड़े किसानों दोनों ने ही लहसून का स्टॉक कर लिया है। लेकिन, इसी बीच चीनी लहसून की एंट्री प्रदेश में हो गई है। जिसके कारण बवाल मच गया है। सबसे ज्यादा प्रभाव राजस्थान की बार्डर से सटे इलाकों में पड़ने की आशंका है। जिसके कारण मंदसौर सहित अन्य बार्डर से सटे इलाकों के किसानों और व्यापारियों में आक्रोश ज्यादा देखा जा रहा है।

### किसानों-व्यापारियों का कहना...

किसानों और व्यापारियों के अनुसार चायना के लहसून का आयात होने से देश में लहसून के भाव गिरने की आशका है। इससे क्षेत्र के किसानों को नुकसान होगा। क्योंकि वे महंगे भाव के बीज लेकर फसल लगा रहे हैं। मंडी व्यापारियों ने भी आयात रोकने के लिए किसान यूनियनों को समर्थन दिया है।

### चायना लहसून की एंट्री से मचा बवाल...

राजस्थान की मंडियों से मंदसौर सहित मध्यप्रदेश के सटे बाजारों में चायना लहसून की एंट्री हुई है जो 20 से 22 हजार रुपए क्विंटल बिक रही है। जिसे लेकर किसानों और व्यापारियों में खासी नाराजगी है और चीनी लहसून की प्रदेश में एंट्री के विरोध में व्यापारियों और किसानों ने हड़ताल कर दी है। मंदसौर में भी इसको लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा चुका है। हड़ताल की वजह की बात करें तो लहसून के भावों को देखते हुए व्यापारियों और किसानों ने लहसून का स्टॉक खरीद लिया है और अगर ऐसे में चीनी लहसून मार्केट में आता है और 20-22 हजार रूपए क्विंटल बिकता है तो इससे किसानों, व्यापारियों को काफी नुकसान हो सकता है।

# पुलिस कस्टडी में हिंसा या मौत पर एसपी भी होंगे जिम्मेदार

**भोपाल, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश में पुलिस अभिरक्षा में होने वाली हिंसा के लिए संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षक को भी जिम्मेदार माना जाएगा। साथ ही हवालात में बंद कैदी की निगरानी के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखने के लिए सहायक उपनिरीक्षक (एएसआइ) स्तर के पुलिसकर्मी की 24 घंटे ड्यूटी लगाई जाएगी। यह निर्देश पुलिस मुख्यालय के एडीजी (सीआइडी) पवन श्रीवास्तव ने सभी जोनल महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षकों को दिए हैं। कैदी की सुरक्षा के लिए पूरे समय एक आरक्षक या प्रधान आरक्षक की ड्यूटी लगाई जाएगी।

बता दें कि पुलिस अभिरक्षा में हिंसा और मौत को लेकर मानव अधिकार आयोग भी समय-समय अनुशंसाएं करता रहा है। इस आधार पर पहले भी व्यवस्थाओं में सुधार किया गया है, पर अब निगरानी और सुदृढ़ की जाएगी।

एक जुलाई से प्रभावी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 37 के अंतर्गत सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि पुलिस अभिरक्षा में कैदी की सुरक्षा के लिए सहायक उप निरीक्षक या उससे उपर के अधिकारी को अभिहित अधिकारी नामित करे। हवालात की निगरानी वाले सीसीटीवी कैमरे पूरे कक्ष को कवर करें। बंदियों की सुरक्षा की दृष्टि से सीएसपी और एसडीओपी से लेकर पुलिस अधीक्षक स्तर तक के अधिकारी को नियमित थानों का भ्रमण करने के लिए कहा गया है।



24 घंटे कांस्टेबल करेगा कैदी की निगरानी

### थानों के हवालात के लिए पर्याप्त बल...

निर्देश में कहा गया है कि थानों के हवालात के लिए पर्याप्त बल उपलब्ध कराया जाए। किसी थाने में बल नहीं है तो वहां हवालात में बंदी को नहीं रखा जाए। उसकी जगह पास के दूसरे थाने में रखा जाए। बीमार, नशा किया हुआ और घायल व्यक्ति को थाने के हवालात की जगह तुरंत अस्पताल भेजा जाए।

# बिल्लोद पुल से 15 किमी दूर मिला डूंगरसिंह का शव





**नाहरगढ़, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** बीते सोमवार को डूंगरसिंह निवासी मोरखेड़ा अपनी पत्नी संगीता बेटी यतिका और एक 4 महीने के बेटे को बाइक से लेकर कहीं जा रहा था। पुल पर उसकी बाइक अनियंत्रित होकर नदी में गिर गई। उनको बचाने के लिए दो युवकों ने नदी में छलांग लगा दी थी, लेकिन बहाव इतना तेज था कि बचाने के लिए कूदे व्यक्ति भी डूबने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह एक बच्ची यतिका और एक अन्य युवक को बचा लिया। इधर सोमवार को ही मां-बेटे का शव नदी से मिल गया था। मंगलवार को बचाने के लिए कूदे युवक का शव बरामद किया गया। जबकि, डूंगरसिंह का शव बिल्लोद पुल से करीब 15 किलोमीटर दूर नदी में खात्याखेड़ी घाट पर मिला। सर्चिंग करने वाली पार्टी ने पुलिस को सूचना दी। जिसके बाद पुलिस ने शव को नाहरगढ़ स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया।

**विधायक डंग पहुंचे, परिजनो को बंधाया ढाढस**–पूर्व मंत्री एवं सुवासरा विधायक श्री हरदीपसिंह डंग बुधवार को नाहरगढ़ आए। वे मोरखेड़ा भी गए और मृतको के परिजनो को ढाढस बंधाया। श्री डंग डूंगरसिंह की अन्त्येष्टी में भी शामिल हुए। उन्होंने मृतको के परिजनो को शासन द्वारा स्वीकृत राशि के चेक प्रदान किए।



# कार से मिली अवैध शराब, एक गिरफ्तार, एक फरार

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस। नई आबादी थाना पुलिस ने एक कार से अवैध शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है।**

नई आबादी पुलिस ने बताया कि नयाखेड़ा बायपास पर वाहन चेकिंग के दौरान अल्टो कार एमपी 09 जेड 3143 को रोककर तलाशी ली। इसमें सात पेटी मसाला शराबऔर एक पेटी प्लेन शराब जब्त की गई। पुलिसने मामले में आरोपी सूरजसिंह पिता राजेन्द्रसिंह चुण्डावत उम्र 32 साल निवासी जमालपुरा थाना वायडीनगर मंदसौर के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में फरार आरोपी प्रिंस बन्ना निवासी सेमलिया हीरा हालमुकाम कचनारा की तलाश की जा रही है।

# अब व्हाट्सएप नंबर पर मैसेज कर बुला सकेंगे 108 एबुलेंस

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अब घर बैठे व्हाट्सएप से 108 एबुलेंस बुक करा सकेंगे। एंबलुंस का संचालन करने वाली जय अंबे कंपनी ने नागरिकों की सुविधा के लिए व्हाटसएप नंबर जारी किया गया है। इस व्हाटसएप नंबर 6269695935 पर मैसेज डालकर आप घर बैठे 108 एंबुलेंस को बुक करा सकते हैं।

कंपनी का कहना है कि व्हाटसएप नंबर पर मैसेज डालने के बाद आपसे कुछ जरूरी जानकारी लेकर डाटा हमारे कंट्रोल रूम पर पहुंच जाएगा। वहां टीम द्वारा आपके लिए एंबुलेंस भेज दी जाएगी। किसी भी आपातकालीन स्थिति में 108 नंबर, संजीवनी एमपी मोबाइल ऐप या व्हाटसप्प नंबर के माध्यम से एंबुलेंस की सेवा प्राप्त कर सकते हैं। बुखार, उल्टी या दस्त लगना, चक्कर आना, गैस होना, पेट दर्द, लू लगना, शरीर दर्द, खुजली, त्वचा रोग, सड़क दुर्घटना, मिर्गी के दौरे, शुगर चेक, ब्लड र, सीने में दर्द, हार्ट अटैक, मशीन से घोट, किसी कीड़े जानवर के काटने पर, सांस लेने में दिक्कत, दम घुटना, मानसिक अस्वस्थता, पानी में डूबना, रोड लीडेंट, बर्न (व्यक्ति का जलना), अधिक दवा का सेवन, लकवा लगना, मानसिक दौरा, यूरीन संबंधी समस्या और अन्य सभी मेडिकल संबंधी समस्या के लिए आप 108 पर काल कर एंबुलेंस सुविधा प्राप्त कर सकते है। गर्भवती महिलाओं के लिए और पांच वर्ष की आयु के बच्चों के लिए निःशुल्क एंबुलेंस सेवा उपलब्ध कराई जा रही है।

## महिला शिक्षकों के लिए बनेंगे आवास

### डीपीआई ने मांगी जिला शिक्षाधिकारी से जानकारी

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में करीब सौ महिला शिक्षकों के लिए आवास तैयार होगे। इसको लेकर कवायद शुरु हो गई है। दूरस्थ क्षेत्रो में पदस्थ महिला शिक्षकों के लिए आवास निर्माण योजना से संबंधित जानकारी लोक शिक्षण संचालनालय ने जिला शिक्षाधिकारी से मांगी है। विकासखंड मुख्यालय, नगर परिषद और नपा मुख्यालय स्तर पर लगभग सौ शिक्षिकाओं हेतु आवास का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन आवासों का निर्माण बहुमंजिला फ्लेट के रूप में होगा। इसके लिए अनुमानित पांच एकड़ भूमि की जरुरत होगी। आवासीय परिसर के निर्माण हेतु भूमि ऐसे स्थान पर चयनित की जाना हैं। जहां से सार्वजनिक आवागमन के माध्यम आसानी से मिल सके। डीपीआई संचालक डीएस कुशवाह ने पत्र के माध्यम से निर्देश जारी कर भूमि के संबंध में जानकारी मांगी है।









# पुलिस क्रूरता के खिलाफ हिन्दू समाज ने निकाली आक्रोश रैली, उमड़ा जनसमूह

## एसपी, एएसपी सहित सात पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**रतलाम, 11 सितम्बर गुरु एक्सप्रेस।** गणेश चतुर्थी की रात हिन्दू समाज के लोगों पर पुलिस द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण कार्यवाही के विरोध में निकाली गई आक्रोश रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। इस आक्रोश रैली में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, अभिभाषक, संत समाज समेत सभी वर्ग के लोगों ने मौन रैली के रुप में कलेक्टोरेट पंहुचकर एसपी, एएसपी सहित सात पुलिस अधिकारियों व एक पटवारी की नामजद शिकायत कर इन सभी के विरुद्ध जांच कर कडी कार्यवाही करने की मांग की है।

हिन्दू जागरण मंच के बैनर तले निकाली गई आक्रोश रैली दोपहर करीब सवा तीन बजे कालिका माता मन्दिर परिसर से प्रारंभ हुई। रैली में शामिल लोग अपने हाथों में पुलिस क्रूरता के खिलाफ नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। कई लोगों ने पुलिस मारपीट में मृत युवक प्रकाश उर्फ राजू मईडा के फोटो वाली तख्तियां भी हाथों में उठाई हुई थी। आक्रोश रैली मौन रैली थी, लेकिन कलेक्टोरेट पंहुचने के बाद आक्रोशित लोगों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी प्रारंभ कर दी। रैली के कलेक्टोरेट परिसर में पंहुचने के बाद पूरा कलेक्टोरेट परिसर प्रदर्शनकारियों से खचाखच भर गया। प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन लेने के लिए भी काफी मशक्कत करना पड़ी।

पहले एडीएम डा. शालिनी श्रीवास्तव और एसडीएम अनिल भाना ने रैली के नेताओं से भवन के भीतर बुलाकर चर्चा की और इसके बाद कलेक्टर राजेश बाथम अपने कक्ष से




बाहर आए। आक्रोशित लोगों को शांत करने में आयोजकों को काफी मेहनत करना पड़ी। नारेबाजी समाप्त होने के बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन का वाचन किया गया। हिन्दू जागरण मंच के कमलेश ग्वालियरी, राजेश कटारिया व अन्य नेताओं ने कलेक्टर राजेश बाथम को ज्ञापन सौपा।

जनाक्रोश रैली में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, महामंत्री निर्मल कटारिया, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, आरएसएस के वीरेन्द्र वाफगांवकर, समाजसेवी गोविन्द काकानी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, अधिवक्ता परिषद के एडवोकेट सतीश त्रिपाठी, भाजपा नेता अशोक जैन लाला, मनोहर पोरवाल, पार्षद भगत भदौरिया, परमानन्द यौगी, अशोक चौटाला, प्रवीण सोनी, सुनील सारस्वत समेत अनेक संस्थाओं के प्रतिनिधि समाजों के प्रतिनिधि और विभिन्न वर्गो के लोग शामिल थे।

**इनके खिलाफ है शिकायत–** कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में एसएसपी राहूल लोढा, एएसपी राकेश खाखा, स्टेशन रोड टीआई दिनेश भोजक, सायबर सेल के एसआई अमित शर्मा, प्रधान आरक्षक अजय शर्मा, महेन्द्र पथरोड, आरक्षक मनीष यादव और शहर पटवारी तेजवीर चौधरी के नाम उल्लेखित किए गए है। ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त सभी लोग और इनके अधीनस्थ कई अन्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने मारपीट कर अभद्र व्यवहार किया। यहां तक कि महिलाओं के साथ भी अभद्रता की गई।

**विडीयो फुटेज और दस्तावेज भी दिए–** आक्रोश रैली लेकर आए हिन्दू नेताओं ने कलेक्टर राजेश बाथम को पुलिस अधिकारियों द्वारा की गई बर्बर मारपीट के सबूत, विडीयो फुटेज और दस्तावेज भी सौंपे। ज्ञापन में बताया गया है कि तमाम दोषी अधिकारियों के चेहरे विडीयो फुटेज में साफ दिखाई दे रहे हैं।

**कलेक्टर से मिले मृत प्रकाश मईडा के परिजन–** ज्ञापन देने के बाद पुलिस मारपीट में मृत प्रकाश मईडा के परिजनों ने कलेक्टर राजेश बाथम से उनके चैम्बर में मुलाकात की। मृतक के परिजनों ने कलेक्टर को पुलिस द्वारा की गई बर्बरता की कहानी सुनाई। पुलिस की मारपीट में बुरी तरह घायल लखन रजवानिया और काजल किन्नर ने भी कलेक्टर राजश बाथम को उनके कक्ष में पूरा घटनाक्रम बताया कि उन पर किस तरह बर्बरता की गई।

**घर तोड़ने की दी थी धमकी–** जनाक्रोश रैली में आए मृतक प्रकाश मईडा के भाई अमर ने मीडीयाकर्मियों को बताया कि पुलिसकर्मियों ने उसे उसका घर तोड़ने की धमकी दी थी, इसी डर से उसने ना तो अपने भाई का पोस्टमार्टम करवाया और ना ही किसी को यह बात बताई थी। अमर ने बताया कि पुलिस मारपीट में घायल हुए प्रकाश के शरीर के निचले हिस्से ने पूरी तरह काम करना बन्द कर दिया था। उसे जीवांश अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन, बाद में उसकी हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। भाई की मौत के बाद पुलिसकर्मियों ने उसे धमकाते हुए कहा था कि अगर उसने किसी को कुछ बताया तो उसका घर तोड दिया जाएगा। इसी डर के कारण उसके परिजनों ने मृत प्रकाश का बहुत जल्दी में अंतिम संस्कार कर दिया था।



# सभी स्कूलों के परिणाम शत-प्रतिशत लाएं-चंद्रा

**नीमच, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में जिले के सभी शासकीय प्राचार्यों की बैठक में निर्देश दिए गए, कि जिले के सभी सी.एम.राइज, उत्कृष्ट व मॉडल स्कूंलों का रिजल्ट शत-प्रतिशत देना सुनिश्चित करें। कम परिणाम वाले स्कूल के प्राचार्यों को शत-प्रतिशत परिणाम लाने के आदेश दिए। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा, कि जो शिक्षक अच्छा काम करेंगे, शिक्षण प्रणाली में सुधार लाएंगे एवं अपने विद्यालय में नवाचार करेंगे, उन्हें जिला स्तर पर सम्माानित किया जाएगा व उनके नाम आगे राज्य तथा राष्ट्रे स्त्र तक पहुंचाए जाएंगें, ताकि उन्हें सम्मानित किया जाए, जिससे प्रदेश में हम एक मिसाल कायम कर सके।

कलेक्टर श्री चंद्रा ने समस्त प्राचार्यों को निर्देश दिए कि अपने विद्यालय में कमजोर छात्र-छात्राओं पर विशेष ध्यान दे, ताकि विद्यालय का रिजल्ट शत-प्रतिशत प्राप्त हो, वे उसके लिए रणनीति बनाए जिम्मेदारी ले, कि कमजोर बच्चा भी अच्छा परिणाम लाएं। विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति नियमित व समय पर उपस्थित हो यह सुनिश्चित करें एवं शिक्षकों का अनावश्यंक अवकाश स्वीकृत न किया जावे। ऐसे विद्यार्थियों जिनको पढाई की ज्यादा आवश्यकता है, उनकी एक्ट्रा क्लास लगाना सुनिश्चित करें और बच्चों को मोटिवेशन दे। शिक्षक हर माह में बच्चों के मासिक टेस्ट लें, प्रत्योक माह परिणाम का औसत निकाले और हर कक्षा के परिणाम की सूची बनाकर उपलब्ध करवाए। टेस्ट में जिन छात्रों का परिणाम 50 प्रतिशत से कम हो, उन बच्चों की पहचान कर सूची तैयार करे तथा उनके लिए निदानात्मक कक्षाएं संचालित करे, उन्हें प्रेरित कर, उन विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दें। कलेक्टर श्री चंद्रा ने कहा कि समस्त स्कूलों में अच्छा , सामान्य व कम पढ्ने वालें बच्चों की जानकारी रखें और उनके चार से पांच छात्र-छात्राओं के ग्रुप बनाएं, जिसमें कम पढ्ने वाले बच्चें, अच्छा पढ्ने वाले बच्चों के साथ मिलकर पढ्े। जिससे, कि सभी स्कूलों का परिणाम शत-प्रतिशत प्राप्त हो। साथ ही सभी शिक्षक अनुशासन में रहे, समय से स्कूल पर उपस्थित हो, बच्चों को भी अनुशासन में रखे, उन्हें अच्छी शिक्षा प्रदान करें। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री सी.के.शर्मा एवं समस्त शासकीय विद्यालय के प्राचार्यगण उपस्थित थे।

# संतों के सानिध्य में 14 को निकलेगा भव्य वेवाण चल समारोह

## पुलिस प्रशासन के साथ ढोल ग्यारस महोत्सव समिति की बैठक हुई, विभिन्न समितियां हुई गठित

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** ढोल ग्यारस महोत्सव समिति द्वारा आगामी 14 सितम्बर को मंदसौर में निकाले जाने वाले भव्य वेवाण चल समारोह को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ वेवाण प्रमुखों एवं समाजजनों की बैठक तेली धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक में एएसपी श्री गौतम सौलंकी, सीएसपी श्री सतनामसिंह, शहर थाना प्रभारी श्री पुष्पेन्द्रसिंह राठौर, वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी, समाज प्रमुख पं. दिलीप शर्मा, महेश भावसार, शेषनारायण माली, विनोद माली, दिलीप दुबे, नंदराम माली, दिलीप राजोरिया, वरदीचंद कुमावत ने मार्गदर्शन प्रदान किया।

बालाजी ग्रुप के जिलाध्यक्ष मंगल बैरागी ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सनातन धर्म के सानिध्य में हो रहा है सनातन धर्म द्वारा कार्यक्रम की सारी रूपरेखा तैयार की जा रही है। आयोजन हेतु चल समारोह समिति, स्वागत समिति, पूजन अर्चन



समिति, व्यायाम शाला अखाड़ा उस्ताद सम्मान समारोह, पशुपतिनाथ घाट व्यवस्था समिति बनाई गई। तथा बालाजी ग्रुप के 101 कार्यकर्ताओं की टोली चल समारोह की व्यवस्थाओं हेतु कार्य करेगी। यह वेवाण चल समारोह 14 सितम्बर को दोप. 2 बजे विश्वपति शिवालय गांधी चौराहा से संतों के सानिध्य में प्रारंभ होगा। ढोल, बैण्ड, अखाड़े के साथ नगर के सभी वेवाण एक साथ निकलेंगे। चल समारोह में आकर्षक झांकी भी रहेगी। पशुपतिनाथ मंदिर संस्कृत पाठशाला के बटुक भी साथ रहेंगे। गांधी चौराहा से पुराना बस स्टेण्ड, भारत माता चौराहा, घण्टाघर, सदर बाजार, मण्डीगेट, प्रतापगढ़ पुलिया से पशुपतिनाथ मंदिर के समीप पहुंचेगा जहां वेवाणों की पूजा अर्चना की जायेगी। एएसपी श्री सौलंकी ने कहा कि इस तरह के वृहद आयोजन में अनुशासन बना रहे इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विगत वर्ष भी यह आयोजन अच्छे ढंग से समिति ने आयोजित किया। यह परम्परा इस वर्ष भी बनी रहे। वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने भी अपने विचार व्यक्त रखते हुए कहा कि सनातन धर्म की अपनी एक परंपरा है इसे बनाए रखना हर सनातनियों का धर्म है और हर सनातनी को अपने सनातन धर्म की परंपरा को जीवित रखने के लिए इस आयोजन में अपनी सहभागिता करनी चाहिये। बालाजी ग्रुप ने विभिन्न समाजों द्वारा निकाली जाने वाले वेवाणों को एक सूत्र में बांधने का सराहनीय कार्य किया है।

समाज प्रमुख दिलीप शर्मा ने कहा कि पशुपतिनाथ की नगरी में यह आयोजन अच्छा रूप ले चुका है। इससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलेगा। बालाजी ग्रुप बधाई का पात्र है। इस अवसर पर मयंक भाटीया, नमन भाटीया, नंदराम माली, नंदकिशोर माली, नरेन्द्र पंवार, श्याम पहलवान, ओमप्रकाश चौहान, रमेश सेनी, आनन्द भाटी, लोकेश ठाकुर, अन्ना कहार, मुकेश राठौर, दीपकराव मराठा, गोविन्द पड़ाईपंथी, जितेन्द्र मोर्य, बाबू सूर्यवंशी, कमलेश नागदा, आयुष धनगर, विनोद चौहान, लखन कहार, रवि कहार, अभिषेक कोठारी, महावीर कहार, यशु सिसौदिया, लखन वाल्मीकि, रोहित केवट, रविन्द्र चौहान, जीवन चुड़ेलिया, गणेश कहार, सुमित कहार, शैलेष कहार, सुनील राठौर, रामू कहार, अर्जुन पंथी, लक्की मोर्य, राहुल पंथी, अर्जुन कहार, बिल्लू नेपाली, लखन चुड़ेलिया, अजय राठौर, राजा कहार, ललित राठौर, कुलदीप सौलंकी, विष्णु कड़ावत बड़ी संख्या में सनातनधर्मी उपस्थित रहे। संचालन विनय दुबेला ने किया व आभार राजकुमार राठौर ने माना।



## जागरूकता अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों को एड्स की जानकारी दी

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नोडल अधिकारी जिला एड नियंत्रण समिति द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय एडनियंत्रण संगठन एवं म.प्र.राज्य एड नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार प्रदेश में एच.आई.वी./ एडएवं यौन रोगों की रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जागरूकता अभियान के अंतर्गत लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल शासकीय उचतर मा.विद्यालय क्र. 2 में जिला एडरोकथाम एवं नियंत्रण इकाई, विज्ञान क्लब एवं उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत एच.आई.वी./ एडपर विद्यार्थियों को जानकारी दी गई।

एच.आई.वी. के सम्बंध में कहा जाता है कि जानकारी ही बचाव है। एच.आई.वी./ एड अभी भी लाइलाज है। कोई भी व्यक्ति एक बार एच.आई.वी. संक्रमित होने के बाद वह नेगेटिव नहीं होता है। इसके लिए जो उपचार उपलब्ध है उसके सहारे संक्रमित व्यक्ति लम्बे समय तक स्वस्थ्य जीवन यापन कर सकता है। एच.आई.वी./ एड क्या है, एच.आई.वी. चार कारणों से फैलता है। एच.आई.वी. का विन्डो पीरियड 6 सप्ताह से 12 सप्ताह का होता है। इस दौरान एच.आई.वी. की जॉच कराने में संक्रमण का पता नहीं लगता।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी का माना आभार

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का प्रदेश के तीन शासकीय महाविद्यालयों में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में 50-50 सीटें बढ़ाने की स्वीकृति देने पर आभार माना है। उन्होंने कहा कि मेडिकल शिक्षा के विस्तार के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने सुन्दरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, मंदसौर और वीरेंद्र कुमार सकलेचा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नीमच एवं शासकीय चिकितसा महाविद्यालय सिवनी में सत्र 2024-2025 के प्रारंभ में एमबीबीएस पाठ्यक्रम के लिए अतिरिक्त 50-50 सीटों पर प्रवेश की स्वीकृति दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री श्री जेपी नड्डा का धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार के अनुरोध पर केंद्र सरकार द्वारा तीनों मेड्किल कॉलेजों में सीटों की संख्या बढ़ाकर अब 100-100 सीटें कर दी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी और स्वास्थ्य मंत्री श्री नड्डा की प्रदेश के मेड्किल छात्रों को यह महत्वपूर्ण सौगात है।

## जिले में अब तक 832.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले में इस वर्ष अबतक औसतन 832.0 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 11.1 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 1.0 मि.मी., सीतामऊ में 16.4 मि.मी. सुवासरा में 17.0 मि.मी., गरोठ में 17.6 मि.मी., भानपुरा में 20.4 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 0 मि.मी., धुधंड्का में 7.0 मि.मी., शामगढ़ में 25.6 मि.मी., संजीत में 0 मि.मी., कयामपुर में 4.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 13.4 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अबतक वर्षामापक केन्द्र मंदसौर में 715.0 मि.मी., सीतामऊमें 873.2 मि.मी. सुवासरा में 909.0 मि.मी., गरोठ में 802.5 मि.मी., भानपुरा में 739.4 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 787.0 मि.मी., धुधंड्का में 849.0 मि.मी., शामगढ़ में 1126.8 मि.मी., संजीत में 705.0 मि.मी., कयामपुर में 745.6 मि.मी. एवं भावगढ़ में 900.1 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1308.52 फीट है।

## स्वामी विवेकानन्द के शिकागो उद्बोधन परिप्रेक्ष्य में वसुदैव कुटुम्बकम



**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मन्दसौर की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री नरेशजी चंदवानी एवं प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द कॅरियर मार्गदर्शन योजना भोपाल के त्रैमासिक कैलेण्डर के अनुसार महाविद्यालय के दर्शनशास्त्र विभाग द्वारा स्वामी विवेकानन्द के शिकागो उद्बोधन के परिप्रेक्ष्य में वसुदेव कुटुम्बकम की प्रासंगिकता विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

दर्शनशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रो. दशरथ आर्य ने अपने व्याख्यान में स्वामी विवेकानन्द के जीवन परिचय शिकागो।विश्वधर्म महासभा में स्वामी विवेकानन्द द्वारा गये भाषण एवं वसुदेव कुटुम्बकम की अवधारण की प्रासंगिकता पर बात रखी। प्रो. आर्य ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि के धनी थी। गुरू स्वामी रामकृष्ण परमहंस के सानिध्य में स्वामी विवेकानन्द को दिव्य ज्ञान प्राप्त हुआ। भारत के प्रतिनिधि के रूप में 11 सितम्बर 1893 को शिकागो में हुए विश्वधर्म महासभा में स्वामी विवेकानन्द ने अपनी बात अमेरिका के भाइयों-बहनों से शुरू की तो वहां सदन में बहुत देर तक तालियों की गुंज सुनाई देती रही। वहां अपने भारतीय संस्कृति ज्ञान परम्परा धर्म योग आदि से पश्चिमी दुनिया को परिचित कराया। आपने बताया कि भारतीय दर्शन में वसुदेव कुटुम्बकम की परम्परा रही है अर्थात् सम्पूर्ण विश्व को एक परिवार मानने की परम्परा रही है। हर प्राणी एक ही ब्रह्म का हिस्सा है। सभी धर्मों की सार तत्व भी एक ही है। वैश्विक शांति और हर प्रकार के सहयोग के लिए वसुदेव कुटुम्बकम की अवधारणा सार्थक हो रही है। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन प्रो. गौरव कुमार पांडेय द्वारा किया गया।

# दलौदा मंडल में एक दिवसीय विशेष सदस्यता अभियान चलाया

**दलौदा, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा पूरे देशभर में भाजपा का सदस्यता अभियान कार्यक्रम संगठन पर्व के रूप में चलाया जा रहा हे जिसको लेकर मंदसौर जिला अध्यक्ष श्री नाना लाल अटोलिया ने नेतृत्व में पूरे जिले भर में अभी तक 1 लाख सदस्य बनाए गए हे जो प्रदेश में प्रथम पायदान पर है उसी के निमित्त दलौदा मंडल में सदस्यता अभियान चल रहा हे भाजपा मंडल सदस्यता अभियान सहप्रभारी श्री हेमंत धनोतिया ने बताया की दलौदा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना के नेतृत्व में एवम मंडल सदस्यता अभियान टोली के फतेहसिंह आंजना, घनश्याम बगगड़, हार्दिक जैन के आग्रह पर पूरे मंडल में हजारों की संख्या में भाजपा के मिस काल देकर सदस्य बनाए गए हे साथ ही मंडल द्वारा 1 दिवसीय विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमे मंडल के 10 शक्ति केंद्रो पर भाजपा जिला द्वारा पदाधिकारी तय किए गए थे जिन्होंने प्रत्येक शक्ति केंद्र के बूथों पर जाकर भाजपा के सदस्य बनाए मंडल के 76 बूथों पर करीब 3000 सदस्य



भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए इसी प्रकार प्रत्येक शक्ति केंद्र पर जिले के पदाधिकारी और सदस्यता अभियान के शक्ति केंद्र के विस्तारक उपस्थित रहे सेमलियाहीरा शक्ति केंद्र में जिला भाजपा महामंत्री श्री गणपत सिंह आंजना, श्री राजेंद्र जी शक्तावत, श्री प्रदीप धाकड़ शक्ति केंद्र दलौदा रेल भाजपा मंडल अध्यक्ष विकास सुराना, सदस्यता अभियान सहप्रभारी हेमंत धनोतिया, विशाल राठौड़, बालूराम पाटीदार, नागेश शर्मा बनीखेड़ी, करजू शक्ति केंद्र में भाजपा नेता नरेश चंदवानी, जीवन रातडिया, हेमंत पटेल, जगदीश आंजना, मुक्तेश्वर सिंह सिसोदिया, शयाम गेहलोद, बेहपुर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश नामदेव, घनश्याम बग्गड़,सौरभ राठी, दुर्गालाल कसानिया, भावगढ़ शक्ति केंद्र रामेश्वर मकवाना, फतेहसिंह आंजना, नाथूलाल भटेवरा, कचनरा शक्ति केंद्र चंद्रशेखर मंड्लोई, विजय तातेड, नंदकिशोर माली, निम्बोद शक्ति केंद्र शांतिलाल मालवीय, सुमित सेन, जगदीश शर्मा , राजू कुमावत सहित भाजपा के बुथ अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं ने बूथ पर पहुंच कर सदस्य बनाए।

## जांच शिविर सम्पन्न

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश स्लेट पेंसिल कर्मकार कल्याण मंडल मंदसौर द्वारा बताया गया कि जिले के स्लेट पेंसिल उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु विशेष सिलिकोसिस जांच शिविर का आयोजन कर्मचारी राज्य बीमा चिकित्सालय चौधरी कॉलोनी मंदसौर में आयोजित किया है। जिसमें चिकित्सकों द्वारा 236 श्रमिकों की सिलिकोसिस से संबंधित जांच एवं नि:शुल्क दवाईया वितरीत की गई।

## अजा मोर्चा आज करेगा पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला दहन

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एंव अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ.कैलाश जाटव के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के मार्गदर्शन में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में पूर्व मुख्यमंत्री कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के द्वारा एससी एसटी के आरक्षण के विषय में गलत टिप्पणी करने पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आज दिनांक 12 सितंबर 2024 गुरुवार को दोपहर 12 बजे मंदसौर जिला मुख्यालय पर स्थित गांधी चौराहा मंदसौर पर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का पुतला दहन किया जाएगा।

## महिला को पीटा, पति सहित 3 पर केस दर्ज

**पिपलियामंडी, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला के साथ मारपीट करने के मामले में पति, ननद सहित तीन पर केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ थाने पर आरती बावरी ने शिकायत दर्ज कराई कि वह अपने भाई जोगनी निवासी दिनेश व भाभी सुहाना के साथ भैंसाखेड़ा डेम पर गई थी। रास्ते में पति, रुपी निवासी दिनेश बावरी मिला और मुझे घर चलने की बोला। मैंने कर दिया तो दिनेश के साथ उसकी बहन ज्योति व नीतेश पिता निर्मल बावरी ने मिलकर हम तीनों के साथ लात-घुसों से मारपीट की। जिससे चोंटे आई। पुलिस ने तीनों पर केस दर्ज किया।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 30 | 2600 | 2734 |
| उडद | 2 | 4500 | 8151 |
| सोयाबीन | 4313 | 4100 | 4725 |
| गैहु | 2969 | 2501 | 3201 |
| चना | 230 | 6400 | 7160 |
| मसुर | 159 | 5250 | 6060 |
| धनिया | 251 | 5181 | 6651 |
| लहसुन | 9500 | 10100 | 27100 |
| मैथी | 630 | 5110 | 6000 |
| अलसी | 1415 | 5300 | 6011 |
| सरसो | 155 | 5150 | 5779 |
| तारामीरा | 4 | 4800 | 4800 |
| इसबगोल | 49 | 9201 | 13500 |
| प्याज | 1400 | 1260 | 3920 |
| कलोंजी | 30 | 12401 | 18940 |
| डॉलर | 5 | 8000 | 10150 |
| तिल्ली | 64 | 10500 | 13381 |
| मटरसुखी | 7 | 4900 | 5800 |
| असालीया | 7 | 10251 | 11251 |

दिनांक 12 सितम्बर 2024

अपनी कुण्डली स्वयं देखे-
ज्योतिषाचार्य पंडित यशवंत जोशी के साथ

मीन लग्न में शनि...



✲ किसी भी जातक की जन्मकुंडली मे मीन राशि का होकर शनि लग्न मे स्थित हो तो निश्चय ही जीवन को संघर्षमय बनाता है। पर घिस-घिस कर व्यक्ति को खरा सोना भी बनता हैं, मान सम्मान पद प्रतिष्ठा भी देता हैं।

जय दुर्गा ज्योतिष सेवा संस्थान एवं अनुष्ठान केंद्र मंदसौर
7024667840,8085381720

## कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक 1793/2024 — नारायणगढ़, दिनांक - 10.09.2024

सर्व साधारण आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित भवन/भूमि पर नामांतरण हेतु निम्नांकित व्यक्तियों ने आवेदन पत्र प्रस्तुत किये है, जिनका विवरण निम्नानुसार है। अतः नामांतरण किये जाने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित में कार्यालय नगर परिषद नारायणगढ़ में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते है। समय तिथि पश्चात कोई चाही आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

| क्रं. | मोहल्ले का नाम | वार्ड क्रं. | फाईल क्रं. | सर्वे क्रमांक | नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुतकर्ता आवेदन का नाम | वर्तमान गृह स्वामी का नाम | परिवर्तन का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | भागरिया मोहल्ला | 11 | 32 | 2578 | गीताबाई बालाराम पाटीदार | लीलाबाई लक्ष्मीनारायण पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 2 | मनासा रोड | 15 | 33 | रेव.2169 | केशरीमल गोबर पाटीदार | दर्ज नहीं है | डायवर्शन भूमि स्वामी |
| 3 | हरिजन बस्ती | 3 | 34 | 783 पेकी | श्यामाबाई रमेशचंद्र | रमेशचंद्र बिहारी हरिजन | उत्तराधिकारी |
| 4 | भागरिया मोहल्ला | 11 | 35 | 2067, 2073 | गीताबाई मुकेश पाटीदार | लीलाबाई लक्ष्मीनारायण पाटीदार | विक्रय पत्र |
| 5 | हरसोल रोड | 15 | 36 | रेव. 2175 | धर्मेन्द्र सिंह गोविन्दसिंह चौहान | दर्ज नहीं है | डायवर्शन भूमि स्वामी |
| 6 | मल्हारगढ़ रोड | 14 | 37 | रेव. 1669 मिन | दशरथ रतनलाल पाटीदार | दशरथ कुंवर बलदेवसिंह | विक्रय पत्र |
| 7 | मल्हारगढ़ रोड | 14 | 38 | रेव. 1669 मिन | दशरथ रतनलाल पाटीदार | नरेन्द्र कन्हैयालाल खटीक | विक्रय पत्र |
| 8 | मल्हारगढ़ रोड | 14 | 39 | रेव. 1669 मिन | दशरथ रतनलाल पाटीदार | कोमल नंदकिशोर खटीक | विक्रय पत्र |
| 9 | जामुन गली | 2 | 40 | 82 पेकी | सदाकुंवर कृष्णकुमार पाटीदार | गट्टुबाई बद्रीदास बैरागी | विक्रय पत्र |
| 10 | मनासा रोड | 15 | 41 | रेव. 1817 मिन | मो. जैनुल आबेदिन मंसूरी | बेगम बी सलीम रंगरेज | विक्रय पत्र |
| 11 | गांधी गली | 11 | 42 | 1957 | गोपाल रामचंद्र बोराना | रामेश्वर नंदलाल बोराना | विक्रय पत्र |
| 12 | जलोदिया रोड | 2 | 43 | रेव. 653 मिन | गोपाल लक्ष्मीनारायण पाटीदार | दर्ज नहीं है | डायवर्शन भूमि स्वामी |
| 13 | काल्याकोट | 8 | 44 | 975,976, 977पेकी | पुष्कर यशवंत आर्य | भूलीबाई चेनराम तेली | विक्रय पत्र |
| 14 | काल्याकोट | 8 | 45 | 975,976, 977पेकी | प्रदीप यशवंत आर्य | भूलीबाई चेनराम तेली | विक्रय पत्र |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद नारायणगढ़, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

# परिवार की संस्कार धानी थी मातु श्रीमती पुष्पादेवी सोनी

## पत्रकार राहुल सोनी की माताजी का पार्थिव शरीर पंचतत्व में लीन, गणमान्यजनों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षाविद स्वर्गीय श्री जगदीश चंद्र जी सोनी की धर्मपत्नी एवं मन्दसौर जिला प्रेस क्लब व रेडक्रॉस सोसाइटी के कोषाध्यक्ष राहुल सोनी की मातृश्री श्रीमती पुष्पा देवी सोनी का 10 सितंबर मंगलवार को देवलोकगमन हो गया। बुधवार को आपकी अंतिम यात्रा जनता कॉलोनी स्थित निवास से निकली। मुक्तिधाम पर पुत्र राहुल सोनी परिजन धर्मेन्द्र, विनोद, दामाद महेश मंत्री, पौत्र मनन सोनी और परिजनों ने मातु श्री को मुखाग्नि दी। पूर्व मंत्री कैलाश चावला, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह माछोपुरिया समेत बडी संख्या में उपस्थित गणमान्यजनों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।



मुक्तिधाम पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने स्वर्गीय मातुश्री को परिवार की संस्कारधानी निरूपित किया और कहा वे धार्मिक संस्कारों से ओत प्रोत थीं। उन्होंने जो संस्कार परिवार को दिए उसी का परिणाम है कि आज राहुल सोनी सामाजिक सेवा और मीडिया के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। मुक्तिधाम पर आयोजित शोकसभा में माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष महेश सोमानी बंकट, मोहनलाल लड्डा, शिक्षा विद रमेशचंद्र परवाल, वैश्य महासम्मेलन के जिला प्रभारी नरेंद्र अग्रवाल, मन्दसौर जिला प्रेस क्लब अध्यक्ष ब्रजेश जोशी, उपाध्यक्ष संजय लोढा, श्रमजीवी पत्रकार संघ के संभागीय पदाधिकारी डॉ प्रीतिपाल सिंह राणा, कांग्रेस नेता मनजीत सिंह मनी, संगीत महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष नरेंद्र त्रिवेदी, के के जाखेटिया, एडवोकेट राधेश्याम शर्मा, पूर्व पार्षद सुरेश भावसार, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष विष्णु आचार्य, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मजहर हुसैन, किशोर शर्मा, राजीव शर्मा सहित अनेक गणमान्यजनो ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए श्रीमती सोनी के जीवन पर प्रकाश डाला और श्रद्धासुमन अर्पित किए। अंतिम यात्रा में सिविल सर्जन डॉ डी.के. शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ योगेंद्र कोठारी, डॉ सीएस पाटीदार, लायंस क्लब गोल्ड के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोमानी, केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनीष चौधरी, पूर्व अध्यक्ष अभय चोरडिया, रेडक्रॉस चेयरमेन प्रितेश रिप्पी चावला, जिला पंचायत सदस्य विजय मेहता, शिक्षाविद विकास आचार्य, विनोद पंवार नीमच, मानमल गांधी केसुन्द्रा, अरुण भदादा, वरिष्ठ पत्रकार महावीर प्रकाश अग्रवाल, नेमीचंद राठौर, आशुतोष नवाल, आलोक शर्मा, प्रकाश सिसोदिया, संजय वर्मा, प्रितेश सिंह राव, लोकेश पालीवाल, राजेश दुबे, शोरित सक्सेना, किशोर ग्वाला, गौरव जोशी, सलमान, रवि जोशी, कमलेश कुमावत, शिवप्रकाश रावलिया, सुनील जैन महाबली, अनीश सक्सेना, डॉ आशीष खमेसरा, डॉ आशीष तेलकर, मनीष कुमावत, हरीश रावलिया, नंदकिशोर सोमानी, बाबुलाल डागा, शांतिलाल गगरानी, चिन्मय कियावत, रमेश काबरा, प्रेम पाटीदार, समेत बडी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे।

# परिजनों ने की पुलिस कप्तान से मुलाकात

## मछली ठेकेदार के लोगों ने की थी हत्या, पांच पर प्रकरण दर्ज

**गरोठ, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गांधीसागर डूब क्षेत्र में चंबल नदी के किनारे ग्राम लखमखेडी निवासी एक युवक का शव मिला था। मामले में पुलिस ने देर रात्रि पांच लोगों के विरूद्ध हत्या कर शव को लावारिस फेक जाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है। सभी आरोपी मछली ठेकेदार के कर्मचारी बताएं जा रहे है। हालांकि किसी भी आरोपी को पकडने में पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है। परंतु पुलिस का कहना है कि आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस की टीमें लगी हुई है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। इधर मृतक के परिजनों ने पुलिस कप्तान श्री अभिषेक आनंद से मुलाकात कर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

जानकारी के मुताबिक सोमवार रात्रि में क्षेत्र के ग्राम लखमखेड़ी निवासी घासीराम मीणा का शव परिजनों को चंबल नदी के किनारे मिला था। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी और शव को गरोठ लाई। जहां पर मंगलवार सुबह शव का पोस्टमार्टम कराया था तथा मामले में मर्ग कायम किया था। परिजनों ने मर्ग कायम करने से आक्रोशित होकर हत्या का मामला दर्ज किए जाने की मांग सहित क्षेत्र के मछली ठेकेदार के कर्मचारियों के विरूद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किए जाने की मांग तथा राजनीतिक संरक्षण में मछली ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा जांच के नाम पर की जा रही दादागिरी की बात कहते हुए करीब 2 घंटे तक पुलिस थाने के सामने चक्काजाम किया था। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइश के बाद चक्काजाम समाप्त किया था। मामले में पुलिस ने परिजनों के बयान के बाद मंगलवार देर रात्रि रविंद्र शर्मा, पंकज जाट, कपिल शर्मा, मोहित शर्मा, अजय खाती हाल मुकाम मछली ठेकेदार का कैंप चचोर थाना नीमच के विरूद्ध अपहरण कर मारपीट व जान से मार कर लावारिस फेंकने की धारा 140(3), 103, 238, 5/3 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। हालांकि अभी तक एक भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पाई है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों को पकडने के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। शीघ्र ही संभावना है कि आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

**मृतक के परिजनों ने की एसपी से मुलाकात**– बुधवार को पुलिस कप्तान अभिषेक आनंद ने पुलिस थाने पर भी अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर कई प्रकार की दिशा निर्देश दिए। इस दौरान मृतक के परिजनों ने भी पुलिस कप्तान से मुलाकात की। मृतक के साथ रहे मदनलाल द्वारा यह जानकारी दी गई थी घासीराम तथा वह मछली ठेकेदार के कर्मचारियों के साथ गया था। जहां से मदनलाल को मछली ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा शराब लेने के लिए बालोदा भेजा गया। वह शराब लेकर जब वापस पहुंचा तो वहां पर सभी गायब थे। बाद में देर रात्रि घासीराम का शव मिला था।



# लूट की योजना बनाते पांच बदमाश धराए

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** यशोधर्मन नगर थाना पुलिस ने रेवास देवड़ा रोड से लूट की योजना बनाते पांच बदमाशो को दबोचा है। पुलिस के अनुसार यह सभी किसी को लूटने की योजना बना रहे थे।

वायडी नगर पुलिस ने बताया कि बुगलिया पुल के नीचे से कमल पिता भरतलाल निवासी अवलेश्वर जिला प्रतापगढ, प्रहलाद पिता जगदीश बावरी निवासी बांसखेडी, अर्जुन पिता भैरुलाल बावरी निवासी कनघट्टी, प्रहलाद पिता तुलसीराम बावरी निवासी रेवास देवडा और गजेंद्र पिता भीमसिंह राठौर निवासी बर्डिया बरखेडा को पकड़ा है। आरोपी लूट की योजना बना रहे थे। इनके पास से तीन चाकू और लाल मिर्ची के पैकेट सहित अन्य सामान जब्त किए गए है। इनमें से ज्यादातर पर पहले भी कई मामले दर्ज है।

# सोने में फिर उठापटक की आशंका

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्रीय बजट में कस्टम ड्यूटी घटाने की घोषणा के बाद सोने के भाव गिरे थे। लेकिन, इसके बाद फिर तेजी का दौर शुरू हो गया है। अब तक सोना स्थानीय बाजारों में 2350 रुपए प्रति दस ग्राम महंगा हो गया है। हालांकि बजट के बाद से चांदी में करीब 1500 रुपए प्रति किलो की गिरावट आई। बजट (23 जुलाई) के आसपास सोने के भाव स्थानीय बाजारों में 71,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के आसपास थे जो अब 73 हजार 900 रुपए के आसपास है। चांदी 87,000 रुपए थी जो अब 84,500 रुपए के करीब है।

बतादे कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी 10 से घटाकर 6 फीसदी करने की घोषणा की है। प्लेटिनम पर सीमा शुल्क को घटाकर 6.4 फीसदी



कर दिया है। सराफा कारोबारी अनिरूद्ध सोनी का कहना है कि कस्टम ड्यूटी कम होने से गिरावट जरूर आई थी। लेकिन, वैश्विक स्तर पर अस्थिरता के कारण कीमती धातुओं का बाजार फिर से तेज हुआ।

### बढ़ने वाली है सोने की कीमत...

एक्सपर्ट का कहना है कि अगले तीन महीनों में सोने की कीमत में तेजी से बढ़ोतरी होगी। कारोबारी अनुमान है कि फेस्टिवल और शादियों का सीजन शुरू होने वाला है। ऐसे में सोने की कीमत में तेजी देखी जा सकती है। दिवाली के समय सोने की कीमत में वैसे भी तेजी देखी जाती है। जानकारों के मुताबिक धनतेरस पर सोने की कीमत नया रेकॉर्ड बना सकती है।

# सांसद ने किया कृषि उपज मंडी का निरीक्षण

## अधिकारियों को किसानों, व्यापारियों की सुविधा व सुरक्षा सहित बाहरी हस्तक्षेप ना हो



**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** सांसद सुधीर गुप्ता ने बुधवार को कृषि उपज मंडी समिति मंदसौर का निरीक्षण किया साथ ही बैठक आयोजित की। सांसद गुप्ता ने कृषि उपज मंडी अधिकारियों को कई निर्देश दिए। सांसद में मंडी विस्तारीकरण, मुख्य रोड पर जाम की स्थिति से लेकर किसानों को कृषि उपज मंडी में दी जाने वाली सुविधाओं और उनके सुरक्षा को लेकर आवश्यक सुझाव दिए। साथ ही उन्होंने बढ़ती हुई चोरियों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह गंभीर विषय है और इसके लिए एक सख्त प्लान तैयार किया जाना चाहिए। इसके तहत उन्होंने मंडी में हम्माल और अन्य कर्मचारीयों को पहचान पत्र उपलब्ध कराने और सीसीटीवी कैमरे की संख्या में वृद्धि करने की बात कही। सांसद गुप्ता ने कहा कि किसानों की किसी प्रकार की कोई समस्या ना हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। बारिश के समय किसानों की उपज नही भीगे इसका विशेष ध्यान रखें और शेड बढ़ाने के सुझाव दिए। उन्होने कहा कि मंडी विस्तारीकरण हेतु होमगार्ड व मुल्तानपुरा के नजदीक की भूमि जो खाली पड़ी है उसे आरक्षित करने की प्रकिया की आगे बढ़ाने का सुझाव दिया। ताकि किसानां व व्यापारियों को असुविधा ना हो। साथ ही सांसद गुप्ता ने कृषि उपज मंडी में बाहरी हस्तक्षेप ना हो इसके लिए भी आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही मंडी मैं बैंक की शाखा बढ़ाई जाए जिससे व्यापारियों और किसानों को समय पर पैसा मिल सके। उन्होने कहा कि जिले की अन्य मंडिया जिनका श्रेणी क्रम नीचे रखा है उनकी श्रेणियों पर रिवीजन कर सुधार किया जावे। मंडी में साफ सफाई के प्रति पूरा ध्यान दिया जाए। उन्होने यातायात की व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने कहा कि यातायात प्रभारी और मंडी अधिकारी आपस में बैठकर यातायात की समस्याओं के निपटान का तरीका निकाले जिससे किसानों व आमजन को परेशानियों को सामना न करना पड़े। इस अवसर पर मंडी व्यापरियों ने भी कई सुझाव दिए जिस पर अधिकारियों को विचार करने की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष बसंत शर्मा, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सहित विक्रम सिंह महुवा सहित किसान मोर्चा भाजपा नेता, व्यापारी बंधु, किसान भाई, हम्माल संघ और मंडी अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहवासियों ने पौन घंटे तक मुख्य मार्ग पर लगाया जाम...

# नारेबाजी की, तहसीलदार के आश्वासन के बाद हटाया



**पिपलियामंडी, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहवासियों ने बुधवार को मनासा मार्ग पर जाम लगा दिया व नगर परिषद् के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में तहसीलदार ने मौके पहुंच समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया, तब जाकर रहवासियों ने जाम हटाया। जानकारी के अनुसार वार्ड 5 टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के पीछे राठौर रिसोर्ट की ओर दो कॉलोनियों में निवासरत रहवासी सड़क नही होने से परेशान है, रहवासियों का कहना है कि करीब 75 परिवार के लोग रहते है, नगर परिषद् टेक्स भी वसूल रही है, लेकिन पक्की सडक, नालियां, विद्युत पोल व जल प्रदाय के लिए पाइप लाइन नही है, जिससे रहवासी परेशान हो रहे है, कई बार नगर परिषद् में आवेदन दिए लेकिन समस्याओं का निरकारण नही हुआ। बरसात में रहवासियों को कीचड में होकर गुजरना पड रहा है। बुधवार को दोपहर 12.30 बजे करीब टीलाखेड़ा बालाजी मंदिर के निकट मनासा मार्ग पर जाम लगाकर बैठे रहवासियों ने नगर परिषद् के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना पर दोपहर सवा 1 बजे करीब तहसीलदार ब्रजेश मालवीय, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण सेन, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील देवरिया, उपाध्यक्ष भारतसिंह सोनगरा भी मौके पहुंचे व जाम हटाने का आग्रह किया। रहवासियों की मांग थी कि समस्याओं के निराकरण को लेकर ठोस आश्वासन दिया जाए, तब जाम हटाएंगे। रास्ते की व्यवस्था को लेकर तहसीलदार ने तत्काल मुर्रम डलवाकर रोड़ सही कराने के निर्देश दिए व अन्य समस्याओं को लेकर भी शीघ्र हल करने का आश्वासन दिया, तब जाकर जाम हटाया। इस अवसर पर रहवासी मुन्नालाल भाटी, रुपलाल, दीपक कैथवास, भरत शर्मा, भेरुलाल पाटीदार, अजय मेघवाल, अंकित गुप्ता, रवि, दीपक माली, मुन्नालाल माली, विनोद लोहार, कैलाश माली, संतोषबाई, हेमेन्द्र शर्मा, हिमांशु माली, प्रियंका गुप्ता, शंकुतला, सुशीलाबाई, ज्योति केथवास, अंगुरबाला टेलर, ममता शर्मा, पिंकी, रुपा, सरस्वती, शिवम, इन्दुबाला, सुगन सहित रहवासी उपस्थित रहे।

**वित्तमंत्री से भी लिखित में कर चुके मांग:**– वार्ड पार्षद चेतना मुकेश निडर का कहना है रहवासियों की मांग जायज है, उनकी समस्याओं को लेकर कई बार नगर परिषद् में अवगत कराया, वहीं करीब एक वर्ष पूर्व क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के वित्तमंत्री जगदीश देवड़ा को भी लिखित में आवेदन देकर रहवासियों की समस्याओं के निराकरण की मांग की गई थी। लेकिन फिर भी समस्याओं का निरकारण नही हुआ।

**मुर्रम डलवा दिया है:**– सीएमओ प्रवीण सेन का कहना है रहवासियों की शिकायत के बाद रास्ते का सही कराने का कार्य किया जा रहा था, लेकिन लगातार बरसात के कारण परेशानी आ रही थी, फिलहाल मुर्रम डलवा दिया है। आस-पास खेत होने से रास्ते के सीमांकन सहित अन्य समस्याओं का निराकरण नियमानुसार कराने के प्रयास किए जाएंगे।

# सांसारिक इच्छाओं का त्याग कर भगवान की कृपा प्राप्त की जा सकती है-स्वामी सरस्वती

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** श्री केशव सत्संग भवन खानपुरा मंदसौर पर दिव्य चातुर्मास पूज्यपाद 1008 स्वामी आनन्दस्वरूपानंदजी सरस्वती ऋषिकेश के सानिध्य में चल रहा है। स्वामी जी द्वारा प्रतिदिन प्रात: 8.30 से 10 बजे तक श्रीमद् भागवद् महापुराण के एकादश स्कन्द का का वाचन किया जा रहा है।



बुधवार को राधाष्टमी का पर्व केशव सत्संग भवन में मनाया गया। इस अवसर पर स्वामी जी ने राधारानी के बारे में बताया और कहा कि वे समूचे सनातन धर्म के अनुनायियों के लिए पूज्यनीय है। राधाष्टमी का पर्व मनाने के बाद धर्मसभा में स्वामी श्री आनन्द स्वरूपानंदजी सरस्वती ने कहा कि भगवान को प्राप्त करने के लिए सांसारिक इच्छाओं को त्यागना ही पड़ेगा। आप सोचों की संसार में भी रहूं यहां की सुख सुविधाआं का उपभोग करू और भगवान को भी प्राप्त कर लू तो यह संभव नहीं है। भगवान को प्राप्त करना है उनकी कृपा को प्राप्त करना है तो संसार की मोह को त्याग कर अपने आप को प्रभु को समर्पित करना ही पडेगा। आपने बताया कि शास्त्रों में लिखा हैं कि जिन्होने भी भगवान को प्राप्त करने के लिए संसार को छोडा है उन्हें भगवान की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। आपने बताया कि भगवान जो भी करते है वह अपनी भलाई के लिए ही करते है। इसलिए जीवन में जो भी हो रहा हो उसे प्रभु इच्छा मानकर स्वीकार करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में भगवान की आरती उतारी गई एवं राधाष्टमी के अवसर पर विशेष प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बडी संख्या में महिलाएं पुरूष उपस्थित थे।

# श्री तीन छत्री बालाजी मंदिर पर धूमधाम से ध्वजा चढ़ाई

## सैकड़ो युवाओं ने सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ कर बालाजी की आरती की

**मंदसौर, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गणेश चतुर्थी से मन्दसौर शहर में बालाजी मंदिरों पर ध्वजा चढ़ाने की शुरुआत हुई थी। मंगलवार को शहर के प्राचीन श्री तीन छत्री बालाजी मंदिर पर धूमधाम से सैकड़ो युवाओं की उपस्थिति में गौरव अग्रवाल ने ध्वजा चढ़ाई। ध्वजा चढ़ाने के बाद हनुमान चालीसा का सामूहिक रूप से पाठ हुआ। सभी ने इसके बाद बालाजी की आरती की। धर्म जागरण के लिए हिंदूवादी भाजपा युवा नेता गौरव अग्रवाल ने ध्वजा चढ़ाने कि जो पहल की इसकी चहुंओर प्रशंसा हो रही है। हिन्दू युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रम सिंह राठौड़ ने तो संगठन में यह घोषणा कर दी की पूरे देश में हिन्दू युवा वाहिनी द्वारा मंगलवार शनिवार को बालाजी मंदिरों पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। गौरव अग्रवाल द्वारा किगई शुरुआत देशभर में धर्म जागरण कि अलख जगाएगी। जब सैकड़ो युवा श्री तीन छत्री बालाजी मंदिर पर हनुमान चालीसा का पाठ और आरती कर रहे थे तब पूरे क्षेत्र का माहौल धर्ममय हो गया था। ऐसा लग रहा था मानो धर्म से दूर होकर सोशल मीडिया और मोबाइल में उलझ चुके युवा फिर से धर्म से जुड़ने लगे हैं। इस अवसर पर पंडित श्री विष्णु शर्मा, अनिता दीदी, हेमन्त बुलचंदानी, कमलेश सिसोदिया, बंशी राठौर, हिन्दू युवा वाहिनी के विभाग संयोजक विष्णु बाला, जिला अध्यक्ष ईश्वर सिंह गेहलोद, हिन्दू युवा वाहिनी महिला मोर्चा कि जिला अध्यक्ष भावना लौहार, जिला उपाध्यक्ष हर्षिता कड़ोतिया एवं हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी चैतन्य सिंह राजपूत भी अपने संगठन के युवाओं को बड़ी संख्या में लेकर कार्यक्रम में पहुंचे।

**ध्वजा का सनातन धर्म में बड़ा महत्व है** – हिंदूवादी भाजपा युवा नेता गौरव अग्रवाल ने उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सनातन धर्म में ध्वजा का बड़ा महत्व है। मेरे मन में कई दिनों से यह विचार चल रहा था कि मंदिरों पर चौला चढ़ाया जाता है, महाआरती होती है, भंडारे होते हैं, छप्पन भोग लगाया जाता है, लेकिन ध्वजा चढ़ाने का कार्य धूमधाम से नहीं होता। जबकि शास्त्रों में कहा गया कि अगर आप मंदिर के अंदर जाकर दर्शन नहीं कर सको तो ध्वजा के दर्शन से ही प्रभु दर्शन का लाभ मिल जाता है। गौरव अग्रवाल ने कहा कि यह ध्वजा चढ़ाने का अभियान मेरा नहीं है हम सब सनातन धर्म को मानने वालों का अभियान है, क्योंकि सनातन धर्म हम सबका है, आप जिस क्षेत्र में भी रहते हैं वहां के बालाजी मंदिर पर ध्वजा चढ़ाएं, आप हमें बुलाएंगे तो हम भी आएंगे और धूमधाम से धर्म ध्वजा चढ़ाई जाएगी। गौरव ने कहा कि इस अभियान से आप अपने परिवार, महिलाओं, बच्चों और मित्रों को भी जोड़े। जब आप ध्वजा चढ़ाने जाएं तो साथ में अपने बच्चों को भी लेकर जाएं क्योंकि बच्चों को धर्म संस्कृति से जोड़ना बहुत आवश्यक है, आने वाले पीढ़ी धर्म से जुड़े इसलिए बच्चों को हमारी संस्कृति का ज्ञान अवश्य दें।

### शनिवार को यश बालाजी मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी-अग्रवाल

गौरव अग्रवाल ने कहा कि शनिवार को यश बालाजी मंदिर पर ध्वजा चढ़ाई जाएगी। सभी सनातन धर्म के अनुयायियों से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में पधारें और इस अभियान को गति प्रदान करे।

# गौवंश ले जाते टेम्पो पकड़ा, 2 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** गौरक्षा दल कार्यकर्ताओं द्वारा गौवंश तस्करों को पकड़ने की मुहिम जारी है। बीती रात्रि भी एक टेम्पो में भरकर ले जा रहे दो गौवंश को मुक्त कराया। गौरक्षा दल के प्रदेश उपाध्यक्ष हेमेन्द्रसिंह, हर्षराजसिंह, सचिन नागदा, कृष्णपालसिंह, अयाज खान, गौतम चोधरी आदि ने पिपलिया पुलिस के साथ ओवरब्रिज के निकट टेम्पो एमपी 10 एल 1198 को रोका, तलाशी के दौरान उसमें 2 गौवंश क्रूरतापूर्वक भरे होना पाए। इसमें सवार ड्राइवर बड़वाह (खरगोन) निवासी हेमन्त पिता सीताराम गुर्जर व कालू महाराज खुर्द (खरगोन) निवासी भूरालाल पिता मानालाल मेघवाल को पकड़ा। दोनों के खिलाफ पशुक्रूरता अधिनियम की धाराओं में केस दर्ज किया। गौवंश को गौशाला भिजवाया।



### नगर की पेयजल समस्या एवं गंदगी की समाधान हेतु...

# कांग्रेस पार्षद दल ने सीएमओ को ज्ञापन दिया

**मनासा, 11 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विगत दिनों मनासा कांग्रेस पार्षद दल द्वारा मनासा शहर की जल आपूर्ति पूरी करने वाले चमलेश्वर डैम का निरीक्षण कर पाया गया की चंबलेश्वर डैम में मनासा शहर में प्रतिदिन जलप्रदाय हेतु पर्याप्त मात्रा में जल का भंडारण है, लेकिन उसके विपरीत नगर परिषद मनासा द्वारा नगर की जनता को तीन-तीन दिन में जल प्रदान किया जा रहा है जो कि नगर परिषद मनासा की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़ा करता है उक्त जानकारी कांग्रेस पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष सत्यानारायण लक्षकार कांग्रेस पार्षद बाबूलाल कुशवाह ने नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन देकर मनासा नगर की जनता को प्रतिदिन जलप्रदाय करने की मांग करी एवं मनासा नगर में चारों ओर गंदगी से नगर में भारी मच्छर फैल चुके हैं मौसम में निरंतर बदलाव से नगर के चिकित्सालय में भारी मरीजों की संख्या देखी जा रही है वहीं नगर पंचायत मनासा की मच्छर मारने की मशीन का उपयोग नहीं किया जा रहा है जो की नगर की जनता के मूलभूत अधिकारों के विरुद्ध है सीएमओ साहब से निवेदन कर कहा गया कि वर्तमान में मनासा नगर में तीन-तीन दिन छोड़कर जलप्रदाय किया जा रहा है जिससे मनासा नगर की जनता को एक माह में 12 दिन जलप्रदाय किया जा रहा है एवं जलप्रदाय की राशि 30 दिन की वसूली की जा रही है, कांग्रेस पार्षद दल को सीएमओ सा,के द्वारा तीन दिवस में समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया।


## कार्यालय श्री शिवांग साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर

पंजीयन क्रमांक- DR/MNS/101638 दिनांक-09.09.2024

जा.क्र. Sep/24/1 दिनांक- 09.09.2024

### वार्षिक साधारण सभा सुचना पत्र

संस्था के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि श्री शिवांग साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर की वार्षिक साधारण सभा स्थान- संस्था कार्यालय जोधपुर बेकरी के उपर, रेलवे स्टेशन रोड, मंदसौर पर दिनांक- 23.09.2024 समय- दोपहर 1.00 बजे रखी गई है। जिसमे आप सभी की उपस्तिथि वांछनीय है। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक 1/2 घंटे के लिए स्थगित की जावेगी। पुन: 1/2 घंटे पश्चात बैठक आरम्भ की जावेगी।जिसमे गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

विषय सूची- 1. संस्था के लेखा पत्रको का संपरीक्षण उपायुक्त महोदय सहकारिता जिला मंदसौर के संपरीक्षण से कराना। 2. संस्था की ऋण नीति स्वीकृत करने हेतु विचार। 3. अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से। 4. संस्था द्वारा पारित प्रस्तावो का अनुमोदन करना। 5. संस्था का वर्ष 2023-24 का अनुमानित बजट का अनुमोदन करना।

नोट:- 1. यदि सदस्य बैठक में भाग लेने में असमर्थ हो तो अपने सुझाव एवं शिकायत 3 दिन पूर्व संस्था में डाक द्वारा भेजे, उस पर बैठक में विचार किया जावेगा।

अध्यक्ष
श्री शिवांग साख सहकारी संस्था मर्यादित मंदसौर



## आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

कार्यालय में ऑफिस बॉय की आवश्यकता है।

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस

9425105928, 8319964648



## कार्यालय जिला पंचायत, मन्दसौर म.प्र.

क्रमांक/लेखा-2/2024-25/3185 *** विज्ञप्ति *** मंदसौर, दिनांक 11/09/2024

### जलाशय पट्टे पर दिये जाने हेतु आवेदन पत्र आमंत्रण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि त्रिस्तरीय पंचायतराज व्यवस्था अन्तर्गत जिला पंचायत मंदसौर को हस्तांतरित निम्न जलाशयो को म.प्र. शासन मछलीपालन विभाग मंत्रालय के परिपत्र क्रमांक 1548/2008/36/ भोपाल दिनांक 08 अक्टुबर 2008 द्वारा निर्धारित नीति नियमों एव शर्तों के तहत मत्स्यपालन/मत्स्याआखेट हेतु 10 वर्ष के लिए पट्टे पर दिये जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्रं | जलाशय का नाम/ग्राम | जनपद | औसत जलक्षेत्र |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | गोपालपुरा जलाशय | गरोठ | 114.96 हेक्टेयर |

अत: इच्छुक पंजीकृत मत्स्योद्योग सहकारी समिति / मछुआ स्व-सहायता समूह अपना आवेदन पत्र निर्धारित अवधि दिनांक 26/09/2024 तक जिला पंचायत मंदसौर में कार्यालय समय में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आवेदनो पर पट्टा आवंटन हेतु विचार नहीं किया जावेगा।

पंजीकृत समितियो को आवेदन के साथ ठहराव प्रस्ताव मछुआ सदस्य सूची. पंजीयन, कार्यक्षेत्र एव क्रियाशील होने संबंधी प्रमाण पत्र मय आडिट रिर्पोट के साथ प्रस्तुत करना होगा। मत्स्यपालन स्व सहायता समूह को आवेदन के साथ समूह गठन संबंधी ठहराव, बैंकखाता विवरण, अध्यक्ष चयन सबंधी पत्र एवं सदस्य के जाति. आय संबंधी प्रमाणीकरण प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आवेदन एवं विज्ञप्ति से संबंधी विस्तृत निर्देश कार्यालयीन समय में जिला पंचायत कार्यालय/सहायक संचालक मत्स्योद्योग जिला मंदसौर में देखे जा सकते है। मत्स्य पालन पट्टे देने संबधी अधिकार एवं तद्विषयक निर्णय लेने का अधिकार जिला पंचायत के पास सुरक्षित रहेगा जो कि आवेदक को मान्य होगे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मंदसौर म.प्र.


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in